भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.11.2023

आरेडिका में सर्तकता जागरूकता हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2023 (दिनांक 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर) का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा और मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम श्री अकमल वदूद, के नेतृत्व में सतर्कता जागरूकता तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दिनांक–01.11.2023 को सतर्कता जागरूकता पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजपत्रित वर्ग में वरिष्ठ यांत्रिक अभियंता श्री शबीह अहमद ने प्रथम तथा सहायक कार्यशाला प्रबंधक श्री उत्कर्ष ओझा ने द्वितीय एवं उप वरिष्ठ यांत्रिक अभियंता श्री अमित कुमार सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अराजपत्रित वर्ग में सुश्री शिखा रावत ने प्रथम एवं श्री उमेश सिंह ने द्वितीय और श्री अमित कुमार नेतृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम श्री अकमल वदूद ने पुरस्कृत किया।

इसी कड़ी में आज दिनांक–02.11.2023 वरिष्ठ सर्तकता अधिकारी श्री संजय तिवारी के नेतृत्व में **"भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें"** थीम के अधीन एक मैराथन दौड़ आयोजन किया गया। साथ ही साथ श्री गणेश एण्टर कॉलेज ऐहार में शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ सतर्कता प्रतिज्ञा शपथ एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर आरेडिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित श्री गणेश एण्टर कॉलेज ऐहार के शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

02/11/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी